उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
76/संख्या-13/5/98-का-1-2014
लखनऊ :: दिनांक 08 अगस्त, 2014

<u>अधिसूचना</u>

प्रकीर्ण

संविधान के अनुच्छेद, 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके, राज्यपाल, "उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली, 1956" में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते है :-

उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की आचरण (संशोधन) नियमावली, 2014

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ **1.** (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की आचरण (संशोधन) नियमावली, 2014 कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नये नियम का बढ़ाया जाना **2.** उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली, 1956 में विद्यमान नियम "3-क" के पश्चात् नया नियम "3-ख" बढ़ा दिया जाएगा, अर्थात :-

शिकायत समिति की रिपोर्ट पर कार्रवाई

"3-ख"-यदि किसी कर्मचारी के विरूद्ध यौन शोषण या यौन उत्पीड़न की शिकायत कार्य स्थल के प्रभारी सहित नियुक्ति प्राधिकारी को की जाती है और यदि नियुक्ति प्राधिकारी जांच के प्रयोजनार्थ एक शिकायत समिति (जिसमें एक महिला सदस्य का होना अनिवार्य होगा) गठित करता है तो ऐसी शिकायत समिति की रिपोर्ट/निष्कर्ष को जांच रिपोर्ट माना जाएगा और नियुक्ति प्राधिकारी ऐसी रिपोर्ट के आधार पर अपचारी सरकारी सेवक पर लघु शास्ति आरोपित कर सकता है और एक पृथक जांच संस्थित करने की आवश्यकता नहीं होगी।

आज्ञा से,
ह0/-

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no.13/5/1998-ka-1-2014, dated August 08, 2014:

GOVERNMENT OF UTTAR PRADESH
PERSONNEL SECTION-1
NOTIFICATION

Miscellaneous

76/No.13/5/98-ka-1-2014
Dated Lucknow, August 08, 2014

IN exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the Governor is pleased to make the following rules with a view to amending the Uttar Pradesh Government Servants Conduct Rules, 1956 :

THE UTTAR PRADESH GOVERNMENT SERVANTS CONDUCT (AMENDMENT) RULES, 2014

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Government Servants Conduct (Amendment) Rules, 2014.

(2) They shall come into force at once.

Insertion of new rule

2. In the Uttar Pradesh Government Servants Conduct Rules, 1956, after existing rule 3-A, the following new rule 3-B shall be inserted, namely:-

****Action on the report of the Complaints Committee**

3-B. In case a complaint of sexual exploitation or sexual harassment against a Government servant is reported to the Incharge of a work place alongwith the appointing authority and if the appointing authority constitutes a Complaints Committee (in which the inclusion of atleast one female member will be essential) for the purpose of inquiry, the report/findings of such Complaints Committee shall be deemed to be an inquiry report and the appointing authority may impose minor penalty upon the delinquent Government servant on the basis of such report and there shall be no need to institute a separate inquiry.******

By order,
Sd./-
(RAJIV KUMAR)
Principal Secretary

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in